आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

22.04.2024 समय : 1850

- पुलिस महानिदेशक देवेश चन्द्र श्रीवास्तव ने पुलिस कर्मियों का आहवान किया है कि वे अपने कर्तव्यों का निर्वाह करते समय पूरी ईमानदारी बरतें और पेशेवर तरीके से ड्यूटी को अंजाम दें।

- अंडमान निकोबार द्वीपसमूह चिकित्सा आयुर्विज्ञान संस्थान ने त्वचा रोग सर्जरी की शुरूआत की है।

- यूजीसी ने घोषणा की है कि चार वर्षीय स्नातक डिग्री धारक अब सीधे नेट की परीक्षा में शामिल हो सकते हैं और किसी भी विषय में पीएचडी कर सकते हैं।

- आज विश्व पृथ्वी दिवस है।

- अंडमान निकोबार पुलिस और भारतीय तटरक्षक के संयुक्त प्रयासों के चलते तटरक्षक को चौदह म्यांमारी को पकड़ने में सफलता हासिल हुई है।

<><><><><><>

पुलिस महानिदेशक देवेश चन्द्र श्रीवास्तव ने पुलिस कर्मियों का आहवान किया है कि वे अपने कर्तव्यों का निर्वाह करते समय पूरी ईमानदारी बरतें और पेशेवर तरीके से ड्यूटी को अंजाम दें। वे आज पुलिस प्रशिक्षण स्कूल प्रातरापुर में पुलिस मोटर ट्रांसपोर्ट के पांच नए प्रशिक्षु उप–निरीक्षकों के शपथ ग्रहण समरोह में मुख्य अतिथि के रूप में अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सभी के सामूहिक प्रयासों से पुलिस बल को और मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि हम अपनी क्षमताओं में बढ़ोत्तरी कर रहे हैं और सुदूर द्वीपों में भी जरूरतों को पूरा किया जा रहा है। पुलिस प्रशिक्षण स्कूल में मूलभूत सुविधाओं के विकास के लिए कई कदम उठाए गए हैं और इसके लिए लाखों रूपये खर्च भी किए गए हैं। उन्होंने कहा कि द्वीपों में पुलिस बेड़े को आदर्श बनाने का प्रयास किया जा रहा है और इसके लिए प्रशिक्षण पर विशेष जोर दिया जा रहा है। श्री देवेश चन्द्र श्रीवास्तव ने कहा कि मुख्यभूमि के विभिन्न क्षेत्रों में उप–पुलिस निरीक्षक कार्यकारी और आई आर बी एन के कर्मी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। उन्होने कहा कि हम सुनिश्चित कर रहे हैं कि पुलिस बल को बेहतर से बेहतर बनाया जा सके। उन्होंने नवनियुक्त पुलिस कर्मियों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे अब अपने करियर की शुरूआत करने जा रहे हैं। ड्यूटी के दौरान अपने अधीनस्थ और अपने से वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उनके अनुभवों को ग्रहण करें और अच्छी सेवाएं दें। इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक ने दिशांत प्रसाद को सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षणार्थी बनने पर ट्राफी देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में आला पुलिस अधिकारियों के साथ प्रशिक्षु पुलिस कर्मियों के परिजन भी उपस्थित थे।

<><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह चिकित्सा आयुर्विज्ञान संस्थान ने त्वचा रोग सर्जरी की शुरूआत की है। त्वचा रोग विभाग की डॉ. अरिशा सलीम को इसके लिए विशेष रूप से प्रशिक्षित किया गया है, ताकि वे द्वीपवासियों के लाभ के लिए इस प्रकिया को अंजाम दे सके। डॉ. अरिशा को मस्सा, तिल, सौम्य ट्यूमर और घातक त्वचा विकार को हटाने के साथ त्वचा विज्ञान शल्य चिकित्सा प्रकियाओं को संभालने के लिए प्रशिक्षित किया गया है। शुरू की गई अन्य कॉस्मेटिक प्रकियाओं में नाक छिदवाना, बंद करना, मुहासे और त्वचा के मालिनीकरण के लिए रसायनिक पिल्स आदि शामिल है। बालों के झड़ने और गंजेपन के शिकार मरीजों के बालों के विकास को बहाल करने के लिए हेयर ट्रांसप्लांट सर्जरी जैसे नवीनतम तौर–तरीकों को जल्द ही अपनाया जाएगा। पोर्ट ब्लेयर में इस सेवा के शुरू होने से द्वीपों के मरीजों को उपचार के लिए लम्बी दूरी तय नहीं करनी पड़ेगी। मुम्बई अस्पताल में प्रशिक्षित डॉक्टर की मदद से मरीजों का विशेष ध्यान रखा जाएगा और त्वचा संबंधी रोग में काबू पाया जा सकेगा। इस डॉक्टर के मदद से अनिम्स के अन्य डॉक्टरों को सीखने और

शोध करने का अवसर मिलेगा। यह प्रयास द्वीपों में स्वास्थ्य देखभाल के क्षेत्र में अनिम्स की एक उपलब्धि होगी। इस सेवा के विस्तार से द्वीपवासियों को काफी लाभ मिलेगा।

<><><><><><><>

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, यूजीसी ने घोषणा की है कि चार वर्षीय स्नातक डिग्री धारक अब सीधे नेट की परीक्षा में शामिल हो सकते हैं और किसी भी विषय में पीएचडी कर सकते हैं। जहां भी ग्रेडिंग प्रणाली का पालन किया जाता है, वहां उम्मीदवारों के पास कुल मिलाकर न्यूनतम पचहत्तर प्रतिशत अंक या पॉइंट स्केल पर इसके समकक्ष ग्रेड होना चाहिए। ऐसे उम्मीदवारों को उस विषय की परीक्षा में शामिल होने की अनुमति दी जाएगी। शिक्षाविद डॉ. संत कुमार चौधरी ने बताया कि इससे छात्रों के समय की बचत होगी।

<><><><><><><>

आज विश्व पृथ्वी दिवस है। विश्व में पर्यावरण संरक्षण प्रयासों में समर्थन के लिए यह दिन मनाया जाता है। इस बार का विषय है– प्लैनेट वर्सिज प्लास्टिक यानी पृथ्वी ग्रह के संरक्षण की दिशा में प्लास्टिक से होने वाले प्रदूषण की समस्या से निपटने और इसके प्रकृति पर पडने वाले प्रभाव को दूर करना। पृथ्वी दिवस संयुक्त राष्ट्र द्वारा बाईस अप्रैल उन्नीस सौ सत्तर को घोषित किया गया था, जब कैलिफोर्निया के तट पर व्यापक मात्रा में तेल फैल गया था।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार पुलिस और भारतीय तटरक्षक के संयुक्त प्रयासों के चलते तटरक्षक को रटलैंड द्वीप के पास पिछले दिनों चौदह म्यांमारी को पकड़ने में सफलता हासिल हुई है। इसके अलावा डिगनाबाद के दो जागरूक मछुआरे महेश और वीरा स्वामी द्वारा दिए गए सूचना के आधार पर ब्रिचगंज के बम्बू राफ्ट क्षेत्र से तीन म्यांमारी घुसपैठियों को पकड़ा गया। पकड़े गए सभी घुसपैठियों के पास से सी–कुकुम्बर आदि बरामद किए गए। पकड़े गए सभी कथित घुसपैठियों को पोर्ट ब्लेयर में कोर्ट के समक्ष पेश किया गया, जिनमें से दस को न्यायिक हिरासत में तथा चार को पुलिस की कस्टडी में भेजा गया।

<><><><><><><>

पहाड़गांव पुलिस ने बावन ग्राम गांजा के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आम चुनाव में कड़ी सुरक्षा और वाहनों की लगातार जांच–पड़ताल किए जाने के फलस्वरूप पहाड़गांव पुलिस को गांजा के तस्करी की सूचना मिली थी। सीपीघाट के जसबीर सिंह नामक एक व्यक्ति के पास से जांच–पड़ताल के दौरान पैकेट बरामद हुआ, जिसमें गांजा पाया गया।

उधर, पहाड़गांव पुलिस ने प्रादेशिक सेना में कार्यरत अवकाश प्राप्त ओडिशा के नर्सिंगपुर के एक भगोड़े निवासी सौभाग्य रंजन को हावड़ा से गिरफ्तार किया है। आरोपी दो हजार सोलह में ओडिशा चला गया था और कोर्ट के निर्देश का पालन नहीं कर रहा था। बाद में पुलिस टीम उसे ट्रांजिट रिमांड में पोर्ट ब्लेयर लेकर आई और कोर्ट के समक्ष पेश किया। उसकी गिरफ्तारी में ओडिशा के स्थानीय अधिकारियों का भी सहयोग मिला।

<><><><><><><>

प्रातरापुर के महावीर नगर में भगवान हनुमान सेवक समिति की ओर से हनुमान प्रतिमा उद्घाटन समारोह का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम कल सुबह साढ़े दस बजे से आरंभ होगा। पूजा–अर्चना के बाद श्रद्धालुओं में प्रसाद का वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम पच्चीस अप्रैल तक चलेगा।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) ने अपनी शैक्षणिक सामग्री के कॉपीराइट उल्लंघन को लेकर चेतावनी जारी की है। चेतावनी में कहा गया है कि यदि कोई भी व्यक्ति या संस्थान कॉपीराइट अनुमति के बिना एनसीईआरटी पाठ्यपुस्तकों की सामग्री का व्यावसायिक उपयोग के लिए प्रकाशन करता है तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। एनसीईआरटी ने लोगों से ऐसी पाठ्यपुस्तकों या कार्यपुस्तिकाओं का उपयोग न करने का आग्रह किया है और कहा है कि उनमें दी गई सामग्री तथ्यात्मक रूप से गलत हो सकती है। यह भी सलाह दी गई है कि यदि किसी व्यक्ति को ऐसी पायरेटेड पाठ्यपुस्तकें या कार्यपुस्तिकाएं मिलती हैं, तो एनसीईआरटी को ईमेल **pd.ncert@nic.in** के माध्यम से इस विषय में तुरंत सूचित करें। एनसीईआरटी ने कहा है कि वह स्कूली शिक्षा के सभी चरणों के लिए पाठ्यपुस्तकों के विकास और प्रसार के लिए उत्तरदायी है तथा शैक्षणिक और शिक्षण संसाधनों का अधिकृत स्रोत है।

**<><><><><><><>**